# एक साथ दिखेंगे दिग्विजय-कमलनाथ

## किसान यात्रा से कांग्रेस में दिखेगा जल्द बदलाव

**वेकंट विजय**

**भोपाल, 9 सितंबर. बहुत जल्दी मध्यप्रदेश कांग्रेस में नया बदलाव देखने मिलेगा. कांग्रेस के मुखिया जीतू पटवारी ने इस बदलाव का संकेत दे दिया है. बताया जाता है कि 20 सितंबर से शुरू हो रही किसान यात्रा में कांग्रेस के दो बड़े दिग्गज दिग्विजय और कमलनाथ एक साथ नजर आएंगे.**

नवभारत विशेष

कांग्रेस के सूत्रों की माने, तो पार्टी के नेताओं के बीच अंतर्कलह किसी से नहीं छिपी है. इसका नजारा हाल के विधानासभा और लोकसभा चुनाव में दिखा. भारतीय जनता पार्टी ने भी अच्छा उठाया और कांग्रेस के ही कई वरिष्ठ नेताओं को अपने परिवार में शामिल कर लिया. इसके नतीजे भी अच्छे दिखे. उधर कांग्रेस में हार को लेकर सालभर से एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने का सिलसिला चला, लेकिन एक सप्ताह पहले ही कमलनाथ को दिल्ली आलाकमान ने बुलाया, जहां राहुल गांधी से मुलाकात करने के बाद कई कयास लगने शुरू हो गया.




### अब एक्टिव होंगे दोनों वरिष्ठ नेता

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के दो दिग्गज कमलनाथ और दिग्विजय एक्टिव नहीं दिखाई दे रहे थे, लेकिन आलाकमान के निर्देश पर अब और पीसीसी मुखिया के दिए संकेतों पर अब दोनों नेता एक्टिव होंगे और किसान न्याय यात्रा का प्रतिनिधित्व भी करेंगे. सूत्रों ने बताया कि मंदसौर में 20 सितंबर को होने वाले न्याय यात्रा में एक साथ नजर आएंगे. इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो किसानों से वादे किए थे, वे पूरी नहीं हुए है. किसानों को उनकी फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है. उन्होंने संकेत दिए है कि कांग्रेस की इस यात्रा में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह भी शामिल रहेंगे. दोनों नेता प्रदेश के अलग-अलग जिलों का नेतृत्व करेंगे.

**आ सकते पॉवर में कमलनाथ** :इस बीच कयास लगाए जा रहे है कि कांग्रेस आलाकमान कमलनाथ को राष्ट्रीय महासचिव का पद सौंप सकती है. लेकिन अब पटवारी के बयान से साफ है कि कमलनाथ दिल्ली नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश में पूरे पॉवर के साथ एक्टिव होने जा रहे है. फिलहाल कांग्रेस किसान यात्रा के माध्यम से कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को लेकर प्रदेश में एकजुटता का संदेश देना चाहती है. पार्टी बीते महीनों से पटवारी के नेतृत्व प्रदर्शन और धरना देती आई तो है, लेकिन वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति दिखी. ऐसे में पार्टी के मजबूत दिखाने उक्त दोनों वरिष्ठ नेताओं की एक साथ उपस्थिति जरूरी है.

### ओछी भाषा ना बोले बीजेपी अध्यक्ष : पटवारी

भोपाल, 9 सितंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बयान का समर्थन करते हुए सोमवार को जारी बयान में कहा कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने जिस भाषा का उपयोग किया, वह सार्वजनिक जीवन में सही नहीं है. ऐसी भाषा उन्हें नहीं बोलना चाहिए था. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के वक्तव्य को मैंने सुना है, दिग्विजय सिंह को भी सुना है. दिग्विजय ने ये कहा कि आपकी ही सरकार है, कार्रवाई करनी चाहिए. इस पर स्वयंभू अध्यक्ष ने कहा कि मेरी मर्दानगी को चेक करना.. ऐसी ओछी भाषा उन्हें बोलना शोभा नहीं देता.



## सुपर-100 योजना में 600 विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

**भोपाल, 9 सितम्बर.** 10 वीं बोर्ड में 70 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग सुपर-100 योजना में 600 विद्यार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया. पिछले वर्ष जेईई मेन्स में 27, जेईई एडवांस में 5, नीट में 38 तथा सीए फाउंडेशन में 22 विद्यार्थी इस प्रकार 92 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए.

प्रशिक्षण इंदौर में शासकीय मल्हाराश्रम और भोपाल में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में दी जाती है. इंदौर में कक्षा 11 वीं में गणित से 51, जीव विज्ञान से 51, क्लेट से 50, इसी शाला के कक्षा 12 वीं में गणित से 48, जीव विज्ञान संकाय में 49, क्लेट में 47 इस प्रकार 296 विद्यार्थियों को कोचिंग दिलाई गई. वही शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में कक्षा 11 वीं में गणित से 51 विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दिलाई गई.

# आकाश विजयवर्गीय बल्लाकांड में हुए बरी

**इंदौर, 09 सितंबर.** इंदौर की विशेष अदालत ने सोमवार को पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को लगभग पांच वर्ष पहले नगर निगम के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट के मामले में बरी कर दिया. विशेष अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय को निर्दोष करार दिया.



इस मामले में यहां एमजी रोड थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने वाले नगर निगम के कर्मचारियों ने अदालत के समक्ष अपने बयान में कहा कि उन्होंने आकाश विजयवर्गीय को बल्ला मारते हुए नहीं देखा. अदालत ने इस मामले की सुनवाई पूर्ण करने के बाद आज का दिन फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया था. दरअसल लगभग पांच वर्ष नगर निगम का अमला एक स्थान पर अतिक्रमण हटाने गया था. तत्कालीन भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय ने इस दौरान कथित तौर पर क्रिकेट के बल्ले से नगर निगम के कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी थी. इस घटना के संबंध में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे और यह बल्लाकांड के नाम से चर्चित हो गया था. अदालत ने आकाश विजयवर्गीय के अलावा आधा दर्जन से अधिक अन्य आरोपियों को भी साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है.

## एक नजर में



### खुद के पक्के घर में रहती हैं दिलासिया

**भोपाल, 9 सितम्बर.** अनूपपुर जिले की बेनीबेहरा ग्राम पंचायत की दिलासिया बाई बैगा के लिये पीएम जन-मन की आवास योजना वरदान लेकर आई. योजना में पात्र होने पर दिलासिया बाई को पक्का घर मंजूर हो गया. चार महीने में पक्का घर बनकर तैयार भी हो गया. अब दिलासिया बाई अपने परिवार के साथ इसी पक्के घर में खुशी-खुशी रहती है.

### ट्रेन से गिरने पर एक यात्री की मौत

**सतना, 09 सितंबर.** मध्यप्रदेश के सतना जिले में ट्रेन से गिरने पर एक यात्री की मौत हो गई है. राजकीय रेल पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हाटी गांव के पास कल एक व्यक्ति चलती ट्रेन से नीचे गिर गया. हादसे में उसकी मौत घटनास्थल पर ही गई. सूचना मिलने पर रेलवे का पुलिस बल मौके पर पहुंचा. मृतक का नाम सुयश जैन बताया गया है. घटना के कारणों की जांच की .

### इंटरसिटी में लगे पांच अतिरिक्त जनरल कोच

**भोपाल, 9 सितंबर.** लगातार त्योहारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने ट्रेन क्रमांक 12198/12197 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस में जनरल कोचों की संख्या बढ़ा दी है. पमरे के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के अनुसार 9 सितंबर से 31 दिसंबर तक दोनों दिशाओं में उक्त ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 5 अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया है. इस परिवर्तन के बाद इस ट्रेन में कुल 21 कोच होंगे, जिनमें 16 सामान्य श्रेणी कोच शामिल है.

### बिजली गिरने से दो सगे भाईयों की मौत

**श्योपुर, 9 सितंबर.** श्योपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो भाइयों की मौत हो गई. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मरने वाले दोनों सगे भाई थे. बड़े भाई का नाम योगेश रावत और छोटे भाई का नाम आशीष है. पिताजी का नाम मनीराम रावत है. मामला वीरपुर थाना इलाके के भैरोपुरा गांव के पास कूनो नदी के किनारे का है. बताया गया कि भैरोपुरा गांव निवासी दो सगे भाई गांव के पास कूनो नदी के किनारे मवेशियों को घास चराने के लिए लेकर गए थे. हल्की बारिश हो रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिर गई, इससे उनकी मौत हो गई.

# रेलवे ने वसूला 84 हजार जुर्माना

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 सितंबर.** पश्चिम मध्य रेलवे ने सोमवार को नर्मदापुरम स्टेशन पर 24 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी कर ली गई, ताकि कोई भी यात्री स्टेशन के बाहर न जा सकें.

स्टॉफ ने 10 ट्रेनों से उतरे यात्रियों के टिकट की जांच कर जुर्माना वसूला. रेलवे के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि कुल 196 मामलों से कुल 84,645 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त किया.



अभियान में बिना टिकट वाले 82 यात्रियों से 42,110 रुपए किराया और जुर्माना, अनुचित टिकट वाले 97 यात्रियों से 40,185 रुपए, बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 05 यात्रियों से 1000 रुपए और गंदगी फैलाते 12 यात्री से 1350 रुपए शामिल है.

## पंजीयन में समस्या पर समिति करेगी समाधान

**भोपाल, 9 सितंबर.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, एवं बाजरा उपार्जित करने के लिए किसानों को पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित समाधान किया जायेगा. इसके लिए विभिन्न स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है. किसानों का पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक होगा. मंत्री राजपूत ने कहा है कि पंजीयन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए. तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए टीम गठित की जायेगी.

# भाजपा अजा मोर्चा ने दिग्विजय का पुतला फूंका

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की थी अमर्यादित टिप्पणी



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 सितंबर. भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के संबंध में की गई टिप्पणी के विरोध में पूरे प्रदेश में दिग्विजय सिंह का पुतला जलाया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया.**

अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने इंदौर, सांवेर, उज्जैन नगर व ग्रामीण और देवास में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का बयान सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष शर्मा का अपमान नहीं है, बल्कि ये भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और अनुसूचित जाति का अपमान है, जिसे अजा मोर्चा सहन नहीं करेगा.

डॉ. जाटव ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा के प्रति जिस तरह की भाषा और जिन शब्दों का प्रयोग किया है, उसको लेकर अजा मोर्चा ने पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया है. डॉ. जाटव ने कहा कि भाजपा अजा मोर्चा दिग्विजय सिंह के उस बयान की भी निंदा करता है, जिसमें उन्होंने अनूसूचित जाति, जनजातियों का हक मुसलमानों को देने की बात कही है. डॉ. जाटव ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने जीवन भर तुष्टिकरण की राजनीति की है. कांग्रेस पार्टी और दिग्विजय जैसे नेताओं ने अनुसूचित जाति और जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया.

# बांधवगढ़ महोत्सव में हाथियों की मौज

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 सितंबर. मध्यप्रदेश का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बाघों के लिए मशहूर है, लेकिन इन दिनों यहां हाथी महोत्सव आयोजित किया गया है. 7 दिन तक चल रहे महोत्सव में हाथियों की मौज है.**

वनविभाग के अधिकारियों ने बताया कि महोत्सव के दौरान सारे हाथियों को एकत्र कर इनसे कोई काम नहीं ले रहे है. सुबह नहलाने के बाद चंदन का लेप लगाकर तेल से मालिश करके सिंदूर लगाने के बाद उनकी पसंद का खाना खिलाया जा रहा है. चुनिंदा फलों के अलावा शहद के साथ नारियल, गुड़, गन्ना और केला-सेब मिलाकर रोटी परोसी जाती है.



हाथी महोत्सव

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक ये हाथी साल भर काम करते हैं, लेकिन इन सात दिनों के लिए इन्हें पूरी छुट्टी दे दी गई है.

ऐसे में अब इनके पास एक ही काम है कि खाना-पीना और मौज-मस्ती करना. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हर साल हाथी महोत्सव मनाया जाता है. इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग आकर हाथियों के साथ फोटो खिंचवाते हैं. हालांकि इस बार कोई बाहरी व्यक्ति नजर नहीं आ रहा है. दरअसल पार्क प्रबंधन ने इस बार गज महोत्सव से आम लोगों को दूर रखा है.

## प्राचार्य और असिस्टेंट प्रोफेसर निलंबित

**भोपाल, 9 सितंबर.** मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग ने नरसिंहपुर के गोटेगांव शासकीय कॉलेज के प्रचार्य बीडी कोष्टी और असिस्टेंट प्रोफेसर महेश जायसवाल को निलंबित कर दिया है. निलंबन की अवधि में दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी. इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है. आदेश में कहा गया कि दोनों ही सरकारी कॉलेज में परीक्षाओं के दौरान बिना किसी सूचना के गायब रहे, जिसके चलते सस्पेंड की कार्रवाई की गई है. स्वास्थ्य का हवाला देकर प्राचार्य बीडी कोष्टी ने विभाग को सूचना दिए बिना अन्नपूर्णा कोष्ठी को प्रभारी बनाया था.

# इमरजेंसी ब्रेक लगा बचाई जान

- पटरी पर फंसा ट्रैक्टर सूझबूझ से टला रेल हादसा

**नर्मदापुरम, 9 सितंबर. नर्मदापुरम जिले में इटारसी-जबलपुर रेलखंड के गुरमखेड़ी के पास एक ट्रैक्टर रेलवे लाइन पर फंस गया. उसी दौरान सोमनाथ एक्सप्रेस के आने का समय था.**

लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया. जिस जगह यह घटना हुई वहां कोई रेलवे क्रासिंग भी नहीं है, फिर ट्रैक्टर चालक ने इतना बड़ा जोखिम कैसे उठाया. घटना के बाद दो ट्रेनें सोमनाथ एक्सप्रेस और दानापुर एक्सप्रेस को रोकना पड़ा. जहां से ट्रैक्टर चालक रेलवे लाइन पार कर रहा था, रेलवे फाटक वहां से करीब दो किलोमीटर दूर है. शार्टकट के चक्कर में कई बार ट्रैक्टर चालक जान जोखिम में डालकर पटरी पार करते हैं. सोमनाथ एक्सप्रेस जब इटारसी से जबलपुर जा रही थी, तब उसके लोको पायलट को ट्रैक पर एक ट्रैक्टर फंसा हुआ दिखाई दिया. उन्होंने तुरंत स्पीड कम कर ट्रेन को रोक दिया और कंट्रोल रूम को सूचित किया. दूसरी ट्रेन दानापुर एक्सप्रेस, जो उसी ट्रैक पर आ रही थी, उसके चालक को अलर्ट करने के लिए ट्रैक पर 1 किमी पहले पटाखे फोड़े गए.



# नियुक्ति निरस्ती आदेश पर रोक

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 9 सितंबर.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश पर डीपीआई कमिश्नर ने सोमवार को नया आदेश जारी कर प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने संबंधी डीपीआई संचालक के आदेश पर रोक लगा दी है।

इन प्राथमिक शिक्षकों ने बताया कि बीते 28 अगस्त को डीपीआई संचालनक ने बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों की सेवा समाप्ति करने के निर्देश दिए थे. बेदखली से परेशान प्राथमिक शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई के बाद फिलहाल हाईकोर्ट ने उन्हें राहत दे दी है. बताया जाता है कि डीपीआई संचालक की ओर से जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया गया था. आदेश में प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का उल्लेख था, जिसके अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को आदेश जारी कर प्राथमिक शिक्षक के लिए बीएड की डिग्री को अमान्य किया गया है.





## रीवा में बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

रीवा, 9 सितम्बर. रीवा जिले के गुढ़ में एक नशेड़ी बेटे ने अपने ही पिता की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी. आरोपी ने पहले अपने पिता को लाठी से पीटा और फिर पत्थर से कुचल दिया. आरोपी ने बहन के ऊपर भी जानलेवा हमला करने की कोशिश की.

लेकिन वह किसी तरह वहा से भागी और मौजूद ग्रामीणों ने बचाया. घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के कुआरी गांव की है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अनिल साकेत नशे का आदी है. जिसका पिता रामाश्रय साकेत से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था.

# सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए देने के दिए निर्देश

- आरक्षक समेत पांच लोगों की मौत पर जताया दुख
- सीएम ने सावधानी बरतने की अपील की

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा जिले के तहत बेतवा नदी एवं अन्य स्थानों पर डूबने से एक एसएएफ आरक्षक सहित 5 लोगों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की पुण्यात्माओं को शांति देने और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि दुख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवारों के साथ है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदिशा जिला प्रशासन को पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि एवं एसएएफ जवान के परिजन को शासकीय नियमानुसार सहायता राशि प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अतिवृष्टि के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सावधानी बरतने एवं सुरक्षित रहने की अपील की है.



### विदिशा में नदी में बहे पांच लोगों के शव निकाले

विदिशा जिले में नदी में बह गये पांच लोगों के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिये गये है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि विदिशा जिले के तीन स्थानों पर कल नदी में पांच लोग बह गये थे. सभी के शव सोमवार सुबह रेस्क्यू कर निकाल लिये गये हैं. बांग्ला घाट पर एक किशोर और एक युवक पानी में बह गये थे, रंगई के बंदा पर दो व्यक्ति डूब गये थे तथा गंजबासौदा के बर्री घाट पर भी एक युवक के डूबने की खबर थी. होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि होमगार्ड और एसडीआरएफ की मदद से तीनों स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया सभी स्थानों से शवों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया. उन्होंने बताया कि बांग्ला घाट पर अंकित अहिरवार और कृष्णा अहिरवार नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए थे. रंगई स्थित बंदा पर एसएएफ और बीएसएफ के जवान पानी में डूब गए थे. वही गंजबासौदा के बर्री घाट पर एक युवक डूब गया था.

मिल सकती बड़ी कमान | इसी माह सीएस के रिटायरमेंट के बाद महिला सशक्तिकरण का संदेश दे सकती है सरकार

# वीरा राज्य निर्वाचन आयुक्त तो संजय हो सकते विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल,8 सितंबर. मप्र कॉडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो वरिष्ठ अधिकारियों को रिटायरमेंट के बाद राज्य सरकार बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है. इनमें मौजूदा मुख्य सचिव वीरा राणा को राज्य निर्वाचन आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद की कमान सौंपी जा सकती है.**

ये जिम्मेदारी वीरा राणा को सौंपकर राज्य सरकार प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का बड़ा संदेश भी दे सकती है. इधर मप्र विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर रिटायर्ड आईएएस संजय बंदोपाध्याय की ताजपोशी हो सकती है. आयोग अध्यक्ष के लिए बिजली क्षेत्र के जानकार बंदोपाध्याय सबसे तगड़े दावेदार होंगे.



मप्र विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल 3 जनवरी 2025 को खत्म होगा. यहां आयोग अध्यक्ष के पद पर मप्र कॉडर के ही एक और रिटायर्ड सीनियर अधिकारी एसपीएस परिहार सेवाएं दे रहे हैं, जिनका कार्यकाल नए वर्ष के जनवरी के पहले सप्ताह में ही समाप्त हो जाएगा. लिहाजा ऊर्जा विभाग ने नए अध्यक्ष की तलाश के लिए अभी से कवायद शुरू कर दी है. इसके लिए विभाग ने बाकायदा सूचना जारी कर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों से आवेदन बुलाए हैं, ये आवेदन 17 सितंबर तक लिए जाएंगे. आवेदन लेने के बाद स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. ये आवेदन ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय मनु श्रीवास्तव को दिए जाएंगे. उसके बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनी चयन कमेटी नियामक आयोग के अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगाएगी.

### बंदापाध्याय ही क्यों है तगड़े दावेदार

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 1988 बैच के अधिकारी संजय बंदोपाध्याय पिछले माह ही सेवानिवृत्त हुए हैं. वे रिटायरमेंट से पहले मप्र कॉडर के सबसे सीनियर अफसर थे. वे रिटायरमेंट के समय अध्यक्ष कर्मचारी चयन मंडल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. बंदोपाध्याय को बिजली क्षेत्र में काम करने का लंबा अनुभव है. वे वर्ष 2006 से वर्ष 2009 के बीच मप्र ऊर्जा विकास निगम के एमडी के साथ ही ऊर्जा विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं. ये वह दौर था, जब मप्र बिजली की कमी से जूझ रहा था और नए प्लांट की स्थापना करने के साथ ही संकट से उबरने की कोशिशों में लगा हुआ था. फिलहाल मप्र कॉडर में कोई और अधिकारी ऐसा नहीं है, जो कि बिजली क्षेत्र में काम करने का इतना अनुभव रखते हों.

ये संयोग ही है कि संजय और वीरा वर्ष 1988 बैच की आईएएस हैं. वीरा के मुख्य सचिव बनने के कारण ही बंदोपाध्याय को मंत्रालय से बाहर की पोस्टिंग दी गई थी. राणा इसी माह रिटायर हो रही हैं, इधर राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली है, नियमों के तहत मौजूदा आयुक्त बीपी 6 माह या नए आयुक्त की नियुक्ति तक आयुक्त बने रह सकते हैं. ऐसे में संभावना है कि वीरा राणा को राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया जा सकता है.

## ऊर्जा मंत्री ने जमीन पर बैठकर सुनीं समस्याएं

**ग्वालियर, 9 सितंबर.** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर का सख्त और कड़ा अंदाज देखने को मिला है. मंत्री तोमर सोमवार को अचानक ग्वालियर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों में औचक निरीक्षण किया और हितग्राहियों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली. इस दौरान कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई, जिस पर मंत्री ने उन्हें कड़ी फटकार भी लगाई. तोमर ने कलेक्ट्रेट में मौजूद नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया. मंत्री ने एक बुजुर्ग किसान को जमीन पर बैठे देखा, जिसके बाद वे स्वयं किसान के पास जाकर बैठ गए और उसकी समस्या को समझा.